Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide a better railway network in Samkhal Parliamentary Constituency.

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (सम्भल): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र सम्भल की समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं ।

मेरे लोकसभा क्षेत्र सम्मभल में मुख्य रूप से सम्भल, चंदौसी, बेजहोई, राजा का सहसपुर व्यापार के केंद्र हैं । मुझे बड़े ही खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में रेल व्यवस्था केवल नाम की है । मैं इसके बारे में पहले भी रेल मंत्री जी को अवगत करा चुका हूं । सम्भल में छात्र-छात्राओं, किसानों और आम जनता को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए जनहित में सम्भल से गजरौला वाया हसनपुर रेलवे लाईन बनाना अति आवश्यक है । चंदौसी से जरगांव तक रेलवे लाइन बनी हुई है । जरगांव से सिरसी तक रेलवे लाइन बनने से चंदौसी, बिलारी, कुंदरकी, सिरसी व आसपास की जनता को मुरादाबाद-दिल्ली, मुरादाबाद- इलाहाबाद जाने के लिए सुविधा होगी । सम्भल में मुरादाबाद पार्सल रेलगाड़ी शुरू करना भी बेइंतहा जरूरी है, यह गाड़ी पहले चलती थी । सम्भल से मुरादाबाद रेल और बस सेवा दोबारा शुरू की जाए । सम्भल से मुरादाबाद, चंदौसी, अलीगढ़ पैसेंजर रेल सेवा कोराना काल से बंद है, इसे भी चालू किया जाए ।

मुरादाबाद- रामपुर रेलवे लाइन 410-सी, ग्राम-चमरौआ पर अंडरपास बनाना बहुत जरूरी है । सारा सम्भल रेलवे लाइन से महरूम है । वहां रेलवे लाइन की व्यवस्था फौरन कराई जाए क्योंकि, इससे बहुत नुकसान हो रहा है ।

ڈاکٹر شفیق الرحمٰن برق (سنبھل) : محترم اسپیکر صاحب، میں آپ کا دھیان اپنے پارلیمانی حلقہ سنبھل کے مسائل کی طرف دلانا چاہتا ہوں۔

میرے پارلیمانی حلقہ سنبھل میں خاص طور سے سنبھل، چندوسی، بہجوئی، راجہ کا سہسپور کاروبار کے مرکز ہیں۔ مجھے بے حد افسوس کے ساتھ کہنا پڑ رہا ہےمیرے

پارلیمانی حلقہ میں ریل کا انتظام صرف نام کے لئے ہے۔ میں اس کے بارے میں پہلے بھی ریل منتری کو اطلاع دے چکا ہوں۔ سنبھل میں طلباء و طالباؤں، کسانوں اور عام لوگوں کو کافی پریشانی کا سامنا کرن پڑ رہا ہے، اس لئے عوام کی بھلائی کے لئے سنبھل سے گجرولہ وایا حسن پور ریلوے لائن بنانا بہت ضروری ہے۔ چندوسی سے جرگاؤں تک ریلوے لائن بنی ہوئی ہے۔ جرگاؤں سے سرسی تک ریلوے لائن بننے سے چندوسی، بِلاری، کُندرکی، سِرسی و آس پاس کی جنتا کو مرادآباد ۔ دہلی، مرادآباد ۔ الہ آباد جانے کی سہولیات مہیا ہو جائیں گی۔ سنبھل میں مرادآباد پارسل ریل گاڑی شروع کرنا بھی بے حد ضروری ہے، یہ گاڑی پہلے چلتی تھی۔ سنبھل سے مرادآباد ریل اور بس سروس دوبارہ شروع کی جائے۔ سنبھل سے مرادآباد، چندوسی، علی گڑھ پیسینجر ریل سیوا کورونا کال سے بند ہے اسے بھی شروع کیا جائے۔ شکریہ